## सार-समाचार

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, तीन घायल

**कपासन, (निसं)।** कपासन क्षेत्र में शनिवार को एक सड़क हादसा हो गया। जीतवास गांव के तीन युवक शनि महाराज मंदिर से सांवलियाजी के दर्शन के लिए जा रहे थे। शनि महाराज और कास्या गांव के बीच सामने से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जीतवास गांव निवासी सांवरियालाल (17) पुत्र माधुलाल प्रजापत, नारायणलाल (14) पुत्र भगीरथ जाट और राहुल पुत्र प्रकाश प्रजापत घायल हो गए। तीनों युवक अपने गांव से श्री शनि महाराज आली पहुंचे ओर दर्शन करने के बाद श्री सांवलियाजी की ओर जा रहे थे। घटना के बाद 108 एंबुलेंस की मदद से तीनों को कपासन अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई।

### युवक की हत्या करने वाला गिरफ्तार, विधी से संघर्षरत अपचारी डिटेन

**उदयपुर,।** बाघपुरा थाना पुलिस ने युवक की हत्या का खुलासा करते हुए इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया। प्रकरण के अनुसार पीडित पन्नालाल पुत्र मेघा भाट निवासी झाड़ोल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 26 जून को मेरा पुत्र किशन उसकी बाइक पर मेरी लडकी भारती व जमाई शांतिलाल के साि मादड़ी गया था । जहां से वापस घर आने के लिए किशन बाइक पर लौट रहा था। जिसका शव व बाइक मादला फलासिया रोड़ के पास खेत में पडी होने की सूचना मिली। किशन के दो वर्ष पूर्व समुद्र पुत्र नारायण भाट निवासी मादड़ी से झगडत्रा हुआ था। जिससे समुद्र व सुनिल रजीश रखते थे मेरे पुत्र को अकेला देख कर दोनों ने मिल कर उसकी हत्या कर लाश व बाइक खेत में फैक दी। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में वाघपुरा थानाधिकारी वेलाराम के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिल साक्ष्यों के आधार पर हत्या का खुलासा करते हुए समुद्र उर्फ सुंदर भाट पुत्र नारायण भाट निवासी मादड़ी वाघपुरा को गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### डूंगरपुर-गुजरात सीमा पर हाईटेक निगरानी

**उदयपुर, (कासं)।** गुजरात सरकार ने अपनी सीमाओं की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ करते हुए राजस्थान के डूंगरपुर जिले से सटे हिम्मतपुर,रतनपुर और मेवाडा जैसे संवेदनशील बॉर्डर प्वाइंट्स पर हाईटेक निगरानी व्यवस्था स्थापित कर दी है। विश्वास परियोजना के तहत गुजरात सीमा से लगते राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट ,दमन दीव और दादरा नगर हवेली जैसे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 79 एंट्री और एग्जिट प्वाइंट्स पर कुल 411 हाई डेफिनिशन कैमरे लगाए गए हैं। डूंगरपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र हिम्मतपुर बॉर्डर को हाईवे के रतनपुर बॉर्डर के बाद सबसे अधिक संवेदनशील माना गया।इन कैमरों की निगरानी सीधे गुजरात पुलिस के जिला मुख्यालय स्थित कमांड सेंटर से की जाएगी जिससे हर गतिविधि पर सतत निगरानी संभव होगी। चुनाव जैसे संवेदनशील समय में यह व्यवस्था न केवल गुजरात पुलिस बल्कि राजस्थान के सीमावर्ती थानों के लिए भी अत्यंत उपयोगी साबित होगा

### कार चोरी

**उदयपुर,।**शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ कार चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित कालुलाल पुत्र नारायण परसेदी निवासी ठक्करबापा कॉलोनी सूरजपोल ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 26 जून रात में मकान के बाहर कार खडी की जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गया।

# शिक्षा बने संस्कृति व तकनीकी का सेतु, तभी होगा विकसित भारत : प्रो. अजीत कुमार कर्नाटक

- शिक्षा के माध्यम से सुविकसित भारत का पथ प्रशस्त होगा : प्रो. सारंगदेवोत
- शिक्षा की भूमिका - सुविकसित भारत 2047 विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का हुआ आयोजन

**उदयपुर,।** शिक्षा केवल डिग्री मात्र नहीं है, इसका उद्देश्य युवाओं को सशक्त करना, आर्थिक विकास को गति देना, स्वस्थ पर्यावरण, सामाजिक समानता को बढाना है और एक मजबुत राष्ट्र का निर्माण करना है। इनके ही 2047 तक सुविकसित भारत को प्राप्त करने की परिकल्पना की जा सकती है। कौशल विकास के साथ स्मार्ट एग्रीकल्चर आज की सबसे बड़ी जरूरत है। सुविकसित भारत की संकल्पना, केवल आर्थिक या तकनीकी प्रगति से नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक समरसता के त्रिवेणी संगम से ही साकार होगी।

उक्त विचार शनिवार को प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में राजस्थान विद्यापीठ के संघटक श्रमजीवी महाविद्यालय के अंतर्गत संचालित एज्यूकेशन संकाय की ओर से शिक्षा की भूमिका – सुविकसित भारत 2047 विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार के उद्घाटन सत्र में महाराणा प्रताप कृषि महाविद्यालय के कुलपति प्रो. अजित कुमार कर्नाटक ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

प्रो. कर्नाटक ने संस्थापक जनुभाई की सोच को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने जब तक अंतिम वर्ग तक शिक्षा की अलख नहीं पहुंचेगी तब तक हमारा देश उन्नत नहीं हो सकता। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए जनुभाई ने 1937 में राजस्थान विद्यापीठ की स्थापना की। शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन के लिए न होकर एक संस्कृति व संस्कारों के निर्माण का माध्यम है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए कौशल आधारित ज्ञान आज की सबसे बडी आवयश्कता है जिसमें युवाओं का योगदान अहम है। उन्होंने वर्तमान कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत के 14 वर्षो के रचनात्मक और दूरदर्शी कार्यो की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में युवाओं को जोड़ने की जो पहल हुई है, वह वास्तव में भारत के भावी भविष्य को आकार देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। सेमीनार में प्रो. कर्नाटक ने नवम्बर माह में एमपीयूटी एवं विद्यापीठ के बीच एमओयू करने की घोषणा की जिससे परस्पर शिक्षा से युवाओं के लाभ मिलेगा। कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि भारत का सुविकसित स्वरूप मात्र आर्थिक समृद्धि तक सीमित नहीं हो सकता, अपितु वह स्वच्छ, स्वस्थ, सुशासित, स्वदेशी एवं संतुष्ट एवं सम्पोषित भारत के संकल्प से ही पूर्ण हो सकता है। उन्होंने विशेष रूप से प्राकृतिक पंचतत्वों, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के संरक्षण व संतुलन को विकास की बुनियाद बताया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आज का भारत अब डिवाइड एंड रूल की उपनिवेशिक मानसिकता से नहीं, बल्कि 'एकात्म मानववाद'की सार्वभौमिक भावना से विश्व में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि भावी पीढी को ध्यान में रखते हुए विकास के कार्य करेंगे तो 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पा को कोई नहीं रोक सकता। सुविकसित भारत 2047 में क्वालिटि एज्यूकेशन की महत्वपूर्ण भूमिका है। सुविकसित राष्ट्र निर्माण के साथ, सुरक्षित राष्ट्र आज सबसे बड़ी आवश्यकता है।

सुरक्षित भारत एजेंडा किसी एक पार्टी का न होकर आमजन को इसमें अपनी भागीदारी निभानी होगी। आज पूरे विश्व में युद्ध के हालात बने हुए। कोई देश सुरक्षित नहीं है। जब तक देश सुरक्षित नहीं होगा जब तक हम सुविकसित राष्ट्र की कल्पना नहीं कर सकते। हमें गांवो एवं शहरों की दुरी को कम करनी होगी। हमारा देश कृषि प्रधान था जो धीरे धीरे खत्म होता जा रहा है। हमें हमारी प्राचीन ज्ञान परम्परा को पुनः जागृत करना होगा। अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर ने कहा कि यदि भारत को 2047 तक सुविकसित राष्ट्र बनाना है तो आज के युवाओं को सही दिशा देना अत्यंत आवश्यक है।

### ग्रीन पीपल सोसाइटी ने लिया देवाली पार्क को गोद

**उदयपुर, ।** दक्षिण राजस्थान में पक्षियों और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही ग्रीन पीपल सोसाइटी ने एक और सराहनीय पहल करते हुए उदयपुर विकास प्राधिकरण के अधीन देवाली स्थित एक प्रमुख पार्क को गोद लिया है। यह जानकारी सोसाइटी के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक राहुल भटनागर ने दी। उन्होंने बताया कि इस पार्क को जैव विविधता और पक्षियों के अनुकूल विकसित किया जाएगा।


**कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कानोड़ जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक/संस्था/2025-26/301 दिनांक-27.6.2025

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा साफ-सफाई कार्य एवं मैन विद मशीन हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

NIB Code-MHS2526A1492 UBN is:MHS2526SSOBO2347

NIB Code-MHS2526A1501 UBN is:MHS2526SSOBO2354

चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कानोड जिला-उदयपुर



**कार्यालय ग्राम पंचायत सरू, पंचायत समिति गिर्वा , उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:- 23 दिनांक-28.6.2025

**-: ई निविदा सूचना-03/2025-26 :-**

ग्राम पंचायत सरू में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 11.07.2025 सायं 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। जिसका UBN No.ZUD2526GLRC01113 है।

| प्रशासक | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत सरू | ग्राम पंचायत सरू |
| पं.स. गिर्वा | पं.स. गिर्वा |
| जिला-उदयपुर | जिला-उदयपुर |


# पिकअप ने मारी स्कूटी को टक्कर, युवती की मौत

- घटना में किशोरी सहित दो घायल

**उदयपुर, ।** शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र रानी रोड़ पर पीकअप वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में युवती की मौत हो गई तथा किशोरी सहित दो जने घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सायं फतहसागर रानी रोड़ पर पीकअप वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी चालक नारायणपुरा भीण्डर हाल उमरड़ा निवासी कुसुम पुत्री बंशीलाल तेली की मौत हो गई तथा साथी कृष्णा (16) एवं पांच वर्षीय बच्ची घायल हो गई। सूचना मिलने पर फतहपुरा चौकी से हेडकांस्टेबल राजपाल मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच सभी को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया तथा मृतका को मोर्चरी में रखवा परिजनों को घटना की सूचना दी। जिनके आने पर पोस्टमार्टम होगा। कुसुम कृष्णा व गुडिया को लेकर स्कूटी पर देवाली से रानी रोड़ की तरफ जा रही थी। जहां बीच रास्ते में पिछे से आए पिकअप वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में युवती की मौके पर ही मौत हो गई थी।

दम तोड़ाः गोगुन्दा थाना क्षैत्र जोगियों का गुडा से पाटिया रोड़ पर बाइक फिसलने से घायल जोगियों का गुडा निवासी चतरीबाई (53) पत्नी नानालाल गमेती की मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई विनेश कुमार ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### अंजुमन तालीमुल के चुनाव आज

**उदयपुर, ।** रविवार को शहर के मुस्लिम समाज की मुख्य संस्था अंजुमन तालीमुल इस्लाम कमेटी के आगामी तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए चुनाव अलीपुरा मस्जिद स्थित रजा गार्डन में 302 मतदाता अपना मतदान का उपयोग करते हुए अंजुमन काबिना के मुख्य 4 पदों व 11 सदस्यों सहित कुल 15 उम्मीदवारों को चुनेंगे। चुनाव को लेकर इस बार मुस्लिम समाज में बहुत उत्साह देखा जा रहा है। साथ ही मुस्लिम समाज में शिक्षा,चिकित्सा व अन्य मूलभूत सुविधाओं को बढाने को लेकर हर प्रत्याशी एक से बढकर एक विजन लेकर समाज के सामने आए। अब देखना यह है कि 302 मतदाता किसके पक्ष में अपना वोद देकर किसको विजयी बनाते हुए अहम पदों की जिम्मेदारी देते है। चुनाव कंवीनर एडवोकेट अमजद खान ने बताया कि इस बार सदर व सैक्रेट्री पद के लिए चार.चार उम्मीदवारए नायब सदर व जोइन्ट सेकेट्री पद के लिए तीन.तीन उम्मीदवार व 11 सदस्यों के पदों पर 19 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे है।


कम्पनी रजिस्ट्रेशन नम्बर: U01100RJ2022PTC083441 M.:9799086070

**केसरियाजी महिला किसान प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड**

पता:06, टाऊन बाजार, ऋषभदेव, जिला-उदयपुर ( राजस्थान ) -313802

E.: kesariyajimahilafpo@gmail.com

क्रमांक : 143 दिनांक:- 27.06.2025

**विज्ञप्ति**

केसरीया जी महिला किसान प्रोड्यूसर कम्पनी लि.ऋषभदेव जिला उदयपुर जिले में निम्नलिखित ब्लॉक में पंजीकृत किसान प्रोड्यूसर कम्पनी में निम्नलिखित पदो के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है:-

| क्र.सं. | पद का नाम | उम्र | पदो की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य कार्यकारी अधिकारी | 18 से 50 वर्ष | 1 ऋषभदेव | सीईओ पद के लिए न्यूनतम योग्यता:- कृषि/कृषि विपणन/कृषि व्यवसाय प्रबधंन या बीबीए या समकक्ष में स्नातक होना चाहिए कृषि/कृषि व्यवसाय में अनुभव वाले व्यक्ति को प्राथमिकता |
| 2. | अकाउंटेंट (लेखापाल) | 18 से 50 वर्ष | 1 ऋषभदेव | 12 वीं पास एवं कंम्पूटर से सम्बंधित डिप्लोमा |

आवेदन की अंतिम तिथि:- 5 जुलाई 2025 सांय 06.00 बजे तक

आवेदन पत्र मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेतु 550 रू.शुल्क देकर कार्यालय से प्राप्त करें।

आवेदन पत्र लेखापाल हेतु 300 रू. शुल्क देकर कार्यालय से प्राप्त करें।

आवेदन स्थान:- पंचायत समिति ऋषभदेव सम्पर्क सूत्र-7014612046

नोट:- पदों की संख्या योजना के आधार पर घटाई या बढ़ाई जा सकती है। अन्य शर्ते, नियम संबंधित क्लस्टर के नोटिस बोर्ड पर देखे जा सकते है। किसी भी वाद-विवाद में अंतिम निर्णय संबंधित कम्पनी (FPO) का रहेगा।

डायरेक्टर

केसरीयाजी महिला किसान प्रोड्यूसर कम्पनी लि. ऋषभदेव


# नारायणी हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर का नए परिसर में भव्य शुभारंभ आज

**उदयपुर, ।** उदयपुर शहर में महिला स्वास्थ्य और प्रजनन चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई शुरुआत करते हुए नारायणी हॉस्पिटल और आईवीएफ सेंटर का नए व विशाल परिसर में भव्य शुभारम्भ होने जा रहा है। हॉस्पिटल का उद्धघाटन रविवार 29 जून को मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता तेंदुलवडकर, अध्यक्ष – फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया, डॉ. विनीत मिश्रा, निदेशक – अपोलो हॉस्पिटल अहमदाबाद के एडवांस गायनेकोलॉजी एवं फर्टिलिटी विभाग , डॉ. आनंद गुप्ता (अध्यक्ष, ढ्रूरू उदयपुर), डॉ. प्रकाश जैन (अध्यक्ष, उदयपुर) करेंगे। नारायणी वीमेंस हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेन्टर 2016 से निरंतर डायरेक्टर एंड स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप बंदवाल के नेतृत्व में महिला स्वास्थ्य एवं नि- संतानता उपचार की कुशल सेवाएं सेवाएं प्रदान कर रहा है और अब नए परिसर में अत्याधुनिक तकनीकों और सुविधाओं के साथ मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए समर्पित होगा।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए नारायणी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. प्रदीप बंदवाल ने बताया कि नारायणी हॉस्पिटल अब तक 20 हजार॰ से अधिक ओपीडी और आईपीडी रोगियों का उपचार कर चुका है। इसके साथ ही एक हजार से अधिक नि संतानता से प्रभावित दंपतियों को सफल इलाज प्रदान कर उन्हें संतान सुख की ओर अग्रसर किया है। नए हॉस्पिटल के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए डॉ. बंदवाल ने कहा कि यहां पर महिला व पुरुष नि-संतानता का विशेषज्ञ इलाज, सामान्य व जटिल गर्भावस्था देखभाल, प्रसव एवं सिजेरियन ऑपरेशन, एंडोस्कोपिक सर्जरी, प्रोलैप्स सर्जरी,,एनडीवीएच के साथ सम्पूर्ण महिला स्वास्थ्य एवं जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसमें विश्व स्तरीय लैब, सभी उपकरणों से सुसज्जित प्रसव कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, आरामदायक बेडरूम, और 25-बेड का ऑक्सीजन सपोर्ट युक्त वार्ड शामिल है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बारापाल, पंचायत समिति गिर्वा , उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-ग्रा.पं.बा./2025-26/18 दिनांक-25.6.2025

**-: ई निविदा सूचना-02/2025-26 :-**

ग्राम पंचायत बारापाल में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 8.7.2025 11.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। जिसका UBN No.ZUD2526GLRC01102 है।

| प्रशासक | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत बारापाल | ग्राम पंचायत बारापाल |
| पं.स. गिर्वा | पं.स. गिर्वा |
| जिला-उदयपुर | जिला-उदयपुर |


# पीएमसीएच की ओर से चिकित्सा शिविर आज

- शिविर का उद्घाटन कुंतुकुमार , महेंद्र टाया एवं पारस सिंघवी करेंगे

**उदयपुर, ।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल,भीलों का बेदला एवं अग्रवाल दिगंबर जैन पंचायत के साथ संयुक्त विशाल निशुल्क चिकित्सा परामर्श,जांच एवं भर्ती शिविर 29 जून को श्री 1008 सुमति नाथ अग्रवाल दिगंबर जैन मंदिर (जैन बोर्डिंग) धानमंडी उदयपुर किया जाएगा। शिविर उदघाटन कुंतुकुमार गणपतोत,महेंद्र टाया एवं पारस सिंघवी द्वारा प्रातः 9.30 बजे किया जाएगा।

पीएमसीएच के ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल ने बताया शिविर में निशुल्क परामर्श एवं ब्लड प्रेशर की जांच के साथ ही शुगर, कोलेस्ट्रॉल,लीवर,किडनी,थायराइड,यूरिक एसिड, सीबीसी, सिरम पीएसए,यूरीन आदि की जॉच निशुल्क कराई जाएगी। चयनित रोगियों के लिए इको,टीएमटी, सोनोग्राफी, एक्सरे,मैमोग्राफी,पैंप स्मीयर आदि की जांच की जाएगी। शिविर में डॉ. अतुल लुहाड़िया, डॉ.सी.पी.पुरोहित, डॉ. अनुरोध शांडिल्य, डॉ. हनुवंत सिंह राठौड़, डॉ. नरेंद्र मल, डॉ.पुनीत, डॉ.धवल शर्मा, डॉ.मयंक आमेटा, डॉ.रोनी बाला, डॉ. मनोज महाजन, डॉ.राम चुंडावत, डॉ. सौरभ गुप्ता, डॉ.अभिजीत काके, डॉ.राजकुमार वर्मा सहित अन्य मेडिकल स्टॉफ की पूरी टीम अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए तत्पर रहेगी। शिविर संयोजक मितेश एव अजय ने बताया कि चयनित रोगियो के लिए विशेष निशुल्क सर्जिकल सेवाओ के तहत मोतियाबिंद ऑपरेशन (लेंस सहित), हर्निया, अपेंडिक्स,नाक कान गला के सामान्य ऑपरेशन, दंत चिकित्सा के अंतर्गत दांत निकालना,सफाई ,भराव आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर को सुचारू रूप से संचालित करने व्यवस्था संबंधित बैठक में समाज अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष ललित अग्रवाल ,मंत्री सतीश अग्रवाल,उपमंत्री तरुण अग्रवाल, शिविर संयोजक मितेश, अजय, सुरेश अग्रवाल, अशोक सिंघल, विवेक सहित महिला अध्यक्ष दीपिका, उपाध्यक्ष पीनू, सचिव बिंदु ,ममता नेहा सहित समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में यह तय किया गया कि 29 जून के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धानमंडी, सूरजपोल दिल्ली गेट मुखर्जी चौक,अमल का कांटा कालाजी गोराजी सहित शहर के निम्न आय वर्ग ,गरीब एवं असहाय व्यक्तियों तक अग्रवाल समाज शिविर के माध्यम से सेवा कार्य कर रहा है ।


